प्रीलिम्स फैक्ट्स: 10 अगस्त, 2018

वैश्विक नवाचार सूचकांक 'जीआईआई-2018' को भारत में लॉन्च किया गया

- नीति आयोग ने जीआईआई में शीर्ष 10 रैंक के लिये रोडमैप तैयार करने हेतु सीआईआई के साथ हाथ मिलाया है।
- नीति आयोग के प्रधान सलाहकार एवं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य सचिव श्री रतन पी.वटल ने 08 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में वैश्विक नवाचार सूचकांक 2018 को भारत में लॉन्च किया।
- इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा औद्योगिक नीति एवं संवर्द्धन विभाग (डीआईपीपी) के सहयोग से किया गया।
- भारत वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में वर्ष 2017 के 60वें पायदान से चढ़कर वर्ष 2018 में 57वें पायदान पर पहुँच गया है।
- भारत पिछले दो वर्षों से जीआईआई में अपनी रैंकिंग में निरंतर सुधार कर रहा है।

विश्व जैव-ईंधन दिवस-2018

- 10 अगस्त 2018 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में विश्व जैव-ईंधन दिवस का आयोजन किया गया।
- परंपरागत जीवाश्म ईंधनों के विकल्प के तौर पर गैर-जीवाश्म ईंधनों के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सरकार द्वारा जैव-ईंधन के क्षेत्र में की गयी पहलों को दर्शाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 10 अगस्त को विश्व जैव-ईंधन दिवस आयोजित किया जाता है।
- पिछले तीन वर्षों से तेल एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय विश्व जैव-ईंधन दिवस का आयोजन कर रहा है।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे और उनके साथ इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्री सम्मिलित हुए।
- उद्घाटन सत्र के बाद एथेनोल, जैव-डीजल, जैव-सीएनजी एवं दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधनों पर एक संवादात्मक सत्र अलग से आयोजित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि जैव-ईंधन कार्यक्रम भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया', स्वच्छ भारत और किसानों की आमदनी बढ़ाने वाली योजनाओं के साथ भी सुसंगत है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-10-08-2018